<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

ग्राम खुरियाखत्ता में पशु स्वास्थ्य शिविर एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

पन्तनगर। 25 फरवरी 2025। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–फ्रिजवाल के अन्तर्गत ग्राम खुरियाखत्ता–कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र पन्तनगर में पशु स्वास्थ्य शिविर एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डा. डी. कुमार, विभागाध्यक्ष पशु प्रजनन एवं कार्यवाहक अधिष्ठाता पशुचिकित्सा माहाविद्यालय द्वारा किया गया। डा. डी. कुमार द्वारा सभी गोपालकों एवं परियोजना टीम सदस्यों का उत्साहवर्धन के साथ–साथ पशु प्रबन्धन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। शिविर में कुल 15 गोपशुओं का स्वास्थ्य निरीक्षण कर उपचार दिया गया। पशुओं का स्वास्थ्य निरीक्षण एवं उपचार पशु वैज्ञानिक डा. संजय चौधरी, सह–परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया। साथ ही साथ सह–परियोजना अधिकारी डा. संजय चौधरी द्वारा क्षेत्र में विभिन्न परजीवी एवं अन्य संक्रामक रोगों से ग्रसित पशुओं की रोकथाम हेतु औषधीय जानकारी दी। शिविर में परियोजना अधिकारी डा. चन्द्र भान सिंह द्वारा कार्यक्रम के संचालन के साथ–साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। डा. बृजेश सिंह, प्राध्यापक, पशुधन प्रबन्ध विभाग, डा. बी.एन. शाही, प्राध्यापक, पशु प्रजनन विभाग एवं डा. रिपूसुदन कुमार, सह–प्रध्यापक, पशु पोषण विभाग द्वारा पशु पालकों को सम्बोधित करते हुए पशु पालन के मुख्य–मुख्य तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने के लिए पशु पालकों का आह्वान किया। शिविर का धन्यवाद प्रस्ताव श्री शिवांशु तिवारी एवं पशु पालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण कु. अराधना फुलार द्वारा किया गया। शिविर में कुल 70 पशु पालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

पशु पालको के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार